


वर्ष 9 | अंक 36 | अक्टूबर–दिसम्बर 2018

## लामडिंग मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक



श्री राम बहादुर राय 06 दिसम्बर 2018 को पूर्वोत्तर सीमा रेल के लामडिंग मंडल में नए मंडल रेल प्रबंधक के पद पर कार्यभार ग्रहण किए हैं। इससे पूर्व वे मंडल रेल प्रबंधक, तिनसुकिया के रूप में कार्यरत थे। श्री राय, आई.आर.एस.ई. 1987 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने आई.आई.टी., रुड़की से तकनीकी शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने 06 मार्च 1989 से रेल सेवा प्रारंभ की है और भारतीय रेल के पूर्व रेल, मध्य रेल, दक्षिण पूर्व रेल में विभिन्न पदों सहित पूर्व रेल में मुख्य इंजीनियर/निर्माण तथा पूर्वोत्तर सीमा रेल में मुख्य पुल इंजीनियर, मालीगॉव के पद पर भी सेवारत रहे हैं।

लामडिंग मंडल आपका हार्दिक स्वागत करता है।

## माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा अगरतला रेलवे स्टेशन का हिंदी प्रगति का निरीक्षण



माननीय सांसद (लोकसभा) डॉ० सुनील बलिराम गायकवाड जी की अध्यक्षता में दिनांक 31अक्टूबर 2018 को संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा अगरतला रेल स्टेशन का हिंदी प्रगति संबंधी निरीक्षण बैठक सफलता पूर्वक संपन्न हुई। बैठक में डॉ० सुनील बलिराम गायकवाड जी के साथ – साथ श्री लक्ष्मी नारायण यादव सांसद ( लोकसभा ), श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव सांसद ( लोकसभा ) तथा श्री प्रदीप टम्टा सांसद ( राज्य सभा ) उपस्थित थे।

माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र व अन्य कागजात प्रदान किए जाने का एक दृश्य।

यह समिति रेलों में राजभाषा के प्रयोग–प्रसार का गहन समीक्षा करती है तथा कार्यालयों/स्टेशनों में राजभाषा की उपयोगिता को बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देती है। रेलवे स्टेशन अगरतला में आयोजित बैठक में माननीय सांसदों के अलावा श्री सुरेन्द्र पाल माही कार्यकारी निदेशक/स्थापना/आर/ रेलवे बोर्ड, श्री के. पी. सत्यानंदन निदेशक (राजभाषा) रेलवे बोर्ड, राज कुमार मंगला मुख्य राजभाषा अधिकारी/ मालीगॉव, श्री सुरथ जानि अपर मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग, श्री सुनील कुमार उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक/ लामडिंग, श्री एस. उमेश क्षेत्र प्रबंधक/बदरपुर, श्री राधाकांत कोईरी राजभाषा अधिकारी/लामडिंग, श्री खगेन बसुमतारी निरीक्षक/रेल सुरक्षा बल/अगरतला तथा श्री मनोज कुमार साहा स्टेशन अधीक्षक/अगरतला उपस्थित थे।



माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा लामडिंग मंडल की गृह पत्रिका/ बुलेटिन ''लामडिंग दर्पण'' के अगरतला विशेषांक का विमोचन किए जाने का एक दृश्य।

## गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 2 एवं 3 पर लिफ्ट का शुभारंभ

महाप्रबंधक पूर्वोत्तर सीमा रेल श्री संजीव रॉय, तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक लामडिंग श्री आशीष शर्मा तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में माननीय रेल राज्य मंत्री श्री राजेन गोहांई ने 31 अक्टूबर 2018 को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म न. 2 एव 3 पर लिफ्ट का शुभारंभ किया। इससे बीमार, कमजोर तथा दिव्यांग व्यक्तियों को गाड़ी पर चढ़ने तथा इससे उतरने के लिए इन प्लेटफार्मो पर जाने-आने में काफी राहत मिलेगी।



संबोधित करते हुए तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक, श्री आशीष शर्मा


गुवाहाटी स्टेशन में लिफ्ट के उद्घाटन स्थल का एक दृश्य।

## रेलवे संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर सर्किल द्वारा तेतेलिया-कमलाजारी सेक्शन का निरीक्षण



लामडिंग मंडल के अंतर्गत तेतेलिया-कमलाजारी सेक्शन को यात्रियों के लिए खोले जाने से पूर्व 21 अक्टूबर 2018 को श्री एस.के.पाठक रेलवे संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर सर्किल ने श्री एस.एन. सिंह मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/।/मालीगॉव, श्री आशीष शर्मा मंडल रेल प्रबंधक/ लामडिंग, श्री एन.ब्रह्म मुख्य इंजीनियर/निर्माण/9 तथा पू.सी.रेल के ओपन लाइन एवं निर्माण संगठन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सेक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने तेतेलिया से कमलाजारी के लिए मोटर ट्रॉली निरीक्षण किया। तत्पश्चात कमलाजारी से तेतेलिया के लिए स्पीड ट्रेन ट्रॉयल निरीक्षण किया।

## संविधान दिवस का पालन



लामडिंग मंडल में 26 नवम्बर, 2018 को संविधान दिवस का पालन किया गया। इस अवसर पर 11.00 बजे मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग के कार्यालय भवन के प्रांगण में अधिकारियों/कर्मचारियों के मध्य तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक, श्री आशीष शर्मा ने संविधान के प्रस्तावना का पाठ किया जिसे अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा दोहराया गया।

तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक लामडिंग श्री आशीष शर्मा द्वारा भारतीय संविधान के प्रस्तावना का पाठ किए जाने का एक दृश्य।

## कार्मिक कल्याण



30 नवम्बर 2018 को आयोजित सेवानिवृत्ति बैठक का एक दृश्य।

अक्टूबर-दिसम्बर 2018 में अनुकंपा के आधार पर समूह 'ग' में 08 अभ्यर्थियों तथा समूह 'घ' में 16 अभ्यर्थियों को रेलवे में नियुक्ति प्रदान की गई।

आलोच्य अवधि के दौरान मुख्यालय कोटा के अधीन अनुकंपा के आधार पर समूह 'ग' में 04 अभ्यर्थियों तथा समूह 'घ' में 02 अभ्यर्थियों को रेलवे में नियुक्ति प्रदान की गई।

आलोच्य अवधि के दौरान स्काउट एवं गाइड कोटा के अधीन समूह 'घ' में 01 अभ्यर्थी को रेलवे में नियुक्ति प्रदान की गई।

अवधि के दौरान सेवानिवृत्ति के कुल 126 मामलों का निपटारा किया गया।

## राजभाषा की विविध गतिविधियाँ




अगरतला रेलवे स्टेशन में आयोजित हिंदी कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों का एक दृश्य।

### हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन

कार्यालयीन कामकाज हिंदी में करने के दौरान झिझक को दूर करने के उद्देश्य से मंडल के विभिन्न स्टेशनों/कार्यालयों में हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। तिमाही के दौरान कुल 04 हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन कर कुल 53 कर्मचारियों को इनमें प्रशिक्षित किया गया।



गुवाहाटी रेलवे स्टेशन में आयोजित हिंदी कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों का एक दृश्य।



### पुरस्कार/प्रमाण पत्र वितरण

वर्ष 2017 के दौरान लामडिंग मंडल के अंतर्गत विभन्नि परीक्षा केंद्रों से उत्तीर्ण कर्मचारियों को उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, श्री सुनील कुमार के कर कमलों से गृह मंत्रालय से प्राप्त हिंदी प्रवीण एवं प्राज्ञ परीक्षा संबंधी पुरस्कार/प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पालन

लामडिंग मंडल में 29 अक्तूबर से 03 नवम्बर 2018 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पालन किया गया। इस संबंध में 29 अक्तूबर 2018 को 11.00 बजे मंडल के विभिन्न स्टेशनों/कार्यालयों में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय/लामडिंग सहित लामडिंग मंडल के सभी रेलवे विद्यालयों में ड्रॉइंग, पेंटिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




अगरतला रेलवे स्टेशन पर सतर्कता जागरूकता शपथ ग्रहण का एक दृश्य।

02 अक्तूबर 2018 को मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग के कार्यालय भवन के प्रांगण में गांधी जयंती का पालन किया गया। समारोह में मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग सहित रेलवे के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सफाई अभियान भी चलाया गया।

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म तिथि पर 31 अक्तूबर 2018 को राष्ट्रीय एकता दिवस का पालन किया गया। इस अवसर पर एकता दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें लामडिंग मंडल के रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



शक्ति के अभाव में विश्वास किसी काम का नहीं। विश्वास और शक्ति, दोनों किसी महान काम को करने के लिए अनिवार्य हैं।

— लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल —

## महापरिनिर्वाण दिवस

06 दिसम्बर 2018 को 62वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के सभी शाखा अधिकारियों और यूनियन के पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के नाम से प्रसिद्ध भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।



तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक, श्री आशीष शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित करने तथा बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित करने का एक दृश्य।

## "सौन्दर्यमयी! तू मेरी कविता बन गई है।"



अरूण कुमार बहादुर

वसन्तोत्सव का वो फागुनी बयार
झंकृत कर जाता है तन-मन का तार,
याद है तेरे स्नेह स्पर्श की शीतलता
अंजुरी भर रंग व गुलाल की निर्मलता,
मधुर परिचय एक अमिट स्मृति बन गई है।
हे मन भावनी! तू मेरी अनमोल कृति बन गई है।
सम्पूर्ण सौंदर्य को अर्पण है गुलकंद कोमल
सुगंधित है मन पाकर तेरा हृदय सुकोमल
पुष्प चयन सा है बीते पल का प्रिय संकलन
हर्षित है मन, कर तेरे संसर्ग का पूर्ण आकलन,
इकहरी काया शुभ आकृति बन गई है।
हे मन मोहिनी! तू मेरी लेखन संसृति बन गई है।।
कर्णप्रिय कंठ स्वर की मादकता
आकर्षक नैन-नक्श की माधुर्यता,
याद है तेरे कपोल की अप्रतिम अरूणिमा
चंचल कामिनी की शोभित कमनीय गरिमा,
दिलकश मुस्कान एक खुशनुमा यादगार बन गई है।
हे कंचनबदनी ! तू मेरी काव्य बहार बन गई है।।
कवितामयी आँखों वाली ऐ सुदर्शना
क्षणिक दर्शन से ही सार्थक है यात्रा अपना,
याद है तेरा सुमधुर अरूणाई वार्तालाप
प्रतिविम्बित जो किया है चिरंतन कविताई छाप,
मासूम सौन्दर्य स्वप्न-सरिता बन गई है।
हे सौंदर्यमयी ! सच तू 'अरूण की कविता' बन गई है।

– सहायक मंडल वित प्रबंधक
पू.सी.रेल, लामडिंग

## कौमी एकता सप्ताह का पालन

लामडिंग मंडल में 19 नवम्बर 2018 से 25 नवम्बर 2018 तक कौमी एकता सप्ताह का पालन किया गया। इस संबंध में 19 नवम्बर 2018 को 11.00 बजे मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग के कार्यालय भवन के प्रांगण में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



कौमी एकता सप्ताह के अवसर पर मंडल मुख्यालय लामडिंग में रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकता शपथ दिलवाते हुए तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक, श्री आशीष शर्मा का एक दृश्य।

## लामडिंग मंडल में नवागत अधिकारी

**श्री हरि सिंह –** आपने 29 अक्टूबर 2018 को वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय/लामडिंग का पदभार ग्रहण किया है।

**श्रीमती अपूर्वा वर्मा –** आपने 29 अक्टूबर 2018 को सहा. मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी., अगरतला का पदभार ग्रहण किया है।

**श्री जी. प्रशांत कुमार –** आपने 05 नवम्बर 2018 को सहायक प्रचालन प्रबंधक, लामडिंग का पदभार ग्रहण किया है।

**श्री धर्मेन्द्र कुमार –** आपने 03 दिसम्बर 2018 को सहायक प्रचालन प्रबंधक, लामडिंग का पदभार ग्रहण किया है।

**श्री ए. के. दास –** आपने 17 दिसम्बर 2018 को मंडल कार्मिक अधिकारी, गुवाहाटी का पदभार ग्रहण किया है।

लामडिंग मंडल में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

| संरक्षक | सह संरक्षक | मुख्य संपादक | संपादन एवं सहयोग | |
|---|---|---|---|---|
| राम बहादुर राय<br>मंडल रेल प्रबंधक | सुरथ जानि<br>अपर मंडल रेल प्रबंधक | सुनील कुमार<br>उप मुख्य राजभाषा अधिकारी<br>एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक | राधाकांत कोईरी<br>राजभाषा अधिकारी | राजकुमार चौहान<br>वरिष्ठ अनुवादक |